## एक नजर में

### संवैधानिक मूल्यों एवं सामाजिक सरोकारों पर जन-जागृति कार्यक्रम आयोजित

**मंदसौर।** नगर के तेलिया टैंक पर सामाजिक कार्यकर्ताओं, साहित्यकारों एवं संस्कृति कर्मियों के संयुक्त तत्वावधान में जन-जागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संविधान में निहित समता, न्याय, बंधुत्व, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव, शांति तथा युवाओं के भविष्य जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए गए। वक्ताओं ने संविधान के मूल्यों को जनजीवन में अपनाने, सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने, तथ्यपरक पत्रकारिता को बढ़ावा देने, सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने, दहेज प्रथा एवं बाल मजदूरी जैसी सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन तथा युवाओं को शिक्षा, कौशल और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने पर बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने सामाजिक सद्भाव, वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मानवीय एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ख्यातनाम गायक बब्लू शाह ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं में उत्साह का संचार किया। युवा कलाकार दक्ष पंवार, राजकुमार अग्रवाल, सुजीता पंवार, हर्षिता बैरागी, अमित सोनी एवं चंद्रशेखर बैरागी ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जबकि शायर कलीम शाह ने अपने अशआर सुनाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षाविद कैलाश जोशी ने की। संचालन असअद अंसारी एवं आभार प्रदर्शन शोभा कश्यप ने किया।

### वैष्णव बैरागी समाज द्वारा 11 यूनिट रक्तदान, सनातन पुजारी न्याय यात्रा में शामिल होने का किया आह्वान

**मंदसौर।** श्री वैष्णव बैरागी समाज चतु :संप्रदाय, मध्यप्रदेश के मंदसौर जिला युवा अध्यक्ष सुमित बैरागी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें समाज के सदस्यों द्वारा जिला चिकित्सालय (सिविल हॉस्पिटल) में 11 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर जिला युवा अध्यक्ष सुमित बैरागी ने समस्त पुजारी समाज से आगामी 10 जुलाई को उज्जैन में आयोजित होने वाली 'सनातन पुजारी न्याय यात्रा' में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। वहीं सनातन पुजारी न्याय यात्रा के प्रदेश प्रभारी अजय बैरागी ने सभी पुजारी बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि यह संघर्ष पूरे पुजारी समाज के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई है। यदि हम सभी एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे, तभी इस आंदोलन को सफलता मिलेगी। रक्तदान कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष गोविंद बैरागी, जिला महामंत्री संदीप बैरागी, प्रदेश मंत्री आर. डी. बैरागी, जिला अध्यक्ष कैलाश बैरागी, जिला उपाध्यक्ष अनिल बैरागी, महासचिव मुकेश बैरागी, रवि बैरागी, सुनील बैरागी, रोनक राठौर, सुभाष धोलपुरे, आयुष मंडलोई, सतीश बैरागी, नीलेश बैरागी, सन्नी फतरोड़ हेमंत शर्मा सहित अनेक रक्तदाता एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

# डिप्टी सीएम देवड़ा आज देंगे करोड़ों की सौगात

▶ मन की बात कार्यक्रम में होंगे शामिल, कृषि उपज मंडी की 32 नई दुकानों का करेंगे लोकार्पण

**मंदसौर। मध्य प्रदेश के जगदीश देवड़ा 28 जून (रविवार) को मंदसौर जिले के दौरे पर रहेंगे। अपने निर्धारित प्रवास के दौरान वे पिपलिया मंडी एवं ग्राम गुड़भेली छोटी में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात में भी सहभागिता करेंगे।**

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उप मुख्यमंत्री देवड़ा प्रात: 11 बजे पिपलिया मंडी स्थित बूथ क्रमांक 87 पर आयोजित मन की बात कार्यक्रम में शामिल होंगे और कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के साथ कार्यक्रम का श्रवण करेंगे। इसके उपरांत दोपहर 12 बजे वे पिपलिया मंडी कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचेंगे, जहां कृषि उपज मंडी में नवनिर्मित 32 दुकानों का विधिवत लोकार्पण करेंगे। इन नई दुकानों के प्रारंभ होने से क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों एवं स्थानीय व्यवसायियों को बेहतर व्यापारिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा मंडी की व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी।

दोपहर 3 बजे उप मुख्यमंत्री देवड़ा ग्राम गुड़भेली छोटी पहुंचेंगे, जहां बरुजना फंटे से छोटी गुड़भेली, हरसोल होते हुए बंडपिपल्या तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य का भूमि पूजन करेंगे। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी तथा गांवों की संपर्क व्यवस्था मजबूत होने के साथ कृषि उपज के परिवहन में भी सुविधा होगी।

उप मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन एवं संबंधित विभागों द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, किसानों एवं क्षेत्रवासियों की बड़ी संख्या में कार्यक्रमों में उपस्थिति रहने की संभावना है। क्षेत्र के विकास की दृष्टि से इन परियोजनाओं को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिनसे स्थानीय अधोसंरचना के विस्तार और ग्रामीण विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## मंदसौर के 1212 बूथों पर आज 1.57 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

**मंदसौर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 28 जून को जिलेभर में 0 से 5 वर्ष तक के 1,57,194 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके लिए जिले में 1212 पोलियो बूथ बनाए गए हैं, जहां 2,810 वैक्सीनेटर सेवाएं देंगे।

अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय से जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान एवं सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. रावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में चिकित्सकों, मेडिकल कॉलेज एवं नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं, आशा कार्यकर्ताओं तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भाग लेकर नागरिकों से 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाने की अपील की। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुरेश सोलंकी ने बताया कि अभियान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे 28 जून को अपने 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं।

## जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए भारत जैविक किट तैयार करने की उठी मांग : अशोक कुमठ

**पिपलियामंडी।** ग्राम नंदावता में 'जैविक खेती आज की आवश्यकता' विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के महत्व, वैज्ञानिक तरीकों और भविष्य की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

मुख्य वक्ता के रूप में फर्टि एसोसिएशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के सदस्य अशोक कुमठ (पिपलिया मंडी) ने कहा कि वर्तमान समय में जैविक और प्राकृतिक खेती की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि किसान इसे वैज्ञानिक तरीके से कैसे अपनाएं। इसके लिए सरकार को किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक पोषक तत्वों से युक्त 'भारत जैविक किट' तैयार कर उसका वितरण करना चाहिए। कुमठ ने कहा कि फसलों के बेहतर उत्पादन के लिए केवल नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश (एनपीके) ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि 16 अन्य आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों की भी जरूरत होती है। जैविक खेती करने वाले अधिकांश किसानों को यह जानकारी नहीं होती कि ये सभी पोषक तत्व जैविक खाद के माध्यम से किस प्रकार उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार ने जिस प्रकार किसानों के लिए नैनो यूरिया और नैनो डीएपी विकसित किए हैं तथा रासायनिक उर्वरकों को 'भारत यूरिया' और 'भारत डीएपी' जैसे नाम देकर प्रोत्साहित किया है, उसी तरह 'भारत जैविक किट' भी तैयार कर किसानों को उपलब्ध कराई जानी चाहिए, जिससे जैविक खेती को गति मिल सके। उन्होंने कहा कि देश में एक साथ रासायनिक खेती को पूरी तरह बंद करना संभव नहीं है, वर्षभर मे किसान 400 लाख टन यूरिया एवं 100 लाख टन डीएपी का उपयोग करते है।

## दशपुर रंगमंच ने संगीतकार मदनमोहन को 102वें जन्मदिन पर दी श्रद्धांजलि

**मंदसौर। स्थानीय दशपुर रंगमंच द्वारा प्रसिद्ध और कालजयी संगीतकार मदन मोहन के 102वें जन्मदिन के अवसर पर एक यादगार संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष शाम की विशेषता यह रही कि कलाकारों ने न केवल मदन मोहन के अमर गीतों को जीवंत किया, बल्कि अन्य दिग्गज गायकों के सदाबहार नगमे गाकर भी महफिल में चार चांद लगा दिए।**

कार्यक्रम की शुरुआत श्याम गुप्ता ने मदन मोहन के संगीत से सजे बेहद मकबूल गीत 'ये दुनिया यह महफिल, मेरे काम की नहीं' से की, जिसने शुरुआती पलों में ही श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद मंच पर सुरों का सिलसिला लगातार आगे बढ़ता रहा। गायक अभय मेहता ने 'एक हंसी शाम को दिल मेरा खो गया', आबिद शाह ने 'रंग और नूर की बारात किसे पेश करूँ' और सतीश सोनी ने 'तुम जो मिल गए हो' जैसे बेहतरीन गीतों की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। महिला कलाकारों ने भी अपनी सुरीली आवाज से कार्यक्रम को एक अलग ऊंचाई दी। आशा तरवेचा ने भावपूर्ण अंदाज में 'तू जहाँ जहाँ चलेगा मेरा साया साथ होगा' गाया, तो वहीं स्वाति रिछावर ने 'तेरी आँखों के सिवा दुनिया में रखा क्या है' प्रस्तुत कर समां बांध दिया। युवा गायक हिमांशु वर्मा ने 'दिल ढूँढ़ता है फिर वही फुरसत के रात दिन' गाकर हर किसी को पुरानी यादों के सफर पर भेज दिया। कार्यक्रम के दौरान अन्य महान संगीतकारों के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुतियां भी दी गईं। इसी कड़ी में रौनक मिंडा ने 'जानम देख लो मिट गईं दूरियां', ललिता मेहता ने 'अजीब दास्तां है ये कहाँ शुरू कहाँ ख़त्म', मीना जैन ने 'छूकर मेरे मन को किया तूने क्या इशारा' और सिमरन बेलानी ने 'सोचेंगे तुम्हें प्यार' जैसे सदाबहार गीतों से श्रोताओं को बांधे रखा।

इस संगीतमय शाम का कुशल संचालन करते हुए अभय मेहता ने मदन मोहन जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने एक बेहद खास संस्मरण साझा करते हुए बताया कि सुर कोकिला लता मंगेशकर जी, मदन मोहन जी की धुनों से इस कदर प्रभावित थीं कि उन्हें 'गज़लों का शहज़ादा' कहकर पुकारती थीं। सुरों से सजी इस शानदार महफिल के समापन पर उपस्थित सभी कलाकारों और संगीत प्रेमियों का आभार ललिता मेहता द्वारा व्यक्त किया गया।

# जीतो लेडिज विंग ने किया वास्तु शास्त्र पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

▶ डॉ. अमरेश मेहता ने वास्तु - ऊर्जा संतुलन पर विशेष व्याख्यान दिया

**मंदसौर।** जीतो लेडिज विंग के द्वारा कल शाम महाविद्यालय के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में वास्तु शास्त्र पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें देश के प्रसिद्ध वास्तुविद डॉ. अमरेश मेहता ने लगभग तीन घण्टे तक वास्तु शास्त्र की जानकारी दी।

विश्व के 60 देशों में वास्तु ऊर्जा डायनामिक्स के विशेष सलाहकार के रूप में व्याख्यान दे चुके डॉ. अमरेश मेहता जीतो लेडिज विंग के आमंत्रण पर वास्तु की जानकारी देने मंदसौर पधारे और उन्होंने सकारात्मक ऊर्जा व नकारात्मक ऊर्जा को किस प्रकार संतुलित कर भाग्य को चमकाया जा सकता है इसका धाराप्रवाह व्याख्यान दिया। लगभग 400 से अधिक श्रोताओं जिसमें गणमान्य नागरिक, डॉ. इंजीनियर, व्यापारी एवं घर परिवार को संभालने वाली महिलाएं शामिल है उन्होंने इस व्याख्यान को श्रवण किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जीतो लेडिज विंग की चेयरपर्सन श्रीमती अमिषी किमती, चीफ सेक्रेट्री श्रीमती दिव्या चोरड़िया, चैप्टर चेयरपर्सन अंकित किमती, चेप्टर चीफ सेक्रेटरी सीए विकास भंडारी, कार्यक्रम संयोजक हेतल जैन, चहेती गांधी, अपरा तलेरा, सलोनी पोरवाल आदि ने व्याख्यान देने पधारे डॉ. अमरेश मेहता का पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान महावीर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित भी किया गया। कार्यक्रम में सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला, पूर्व अध्यक्ष गण प्रदीप किमती, जयकुमार बड़जात्या, समाजसेवी डॉ प्रदीप चेलावत, डॉ. गोविंद छापरवाल, विजय सुराना विरेन्द्र जैन सीए, राहुल नाहटा ,मयुर सुराना, नेम गांधी कपिल भंडारी, कपिल नाहटा, मयंक गांधी, हर्षित सोनगरा, समर गांधी, को चेयरमैन नेहा भण्डारी, ट्रेजरार पूजा गांधी, आदि कई गणमान्य नागरिकगण भी उपस्थित थे। डॉ. अमरेश मेहता ने व्याख्यान में बताया कि वास्तु का हमारे घर परिवार पर प्रभाव पड़ता ही है इसलिये जीवन में इसकी महत्ता समझें और वास्तु को ठीक रखने का प्रयास करे वास्तु को ठीक करने के लिये जरुरी नही कि आप अपने घर या व्यावसायिक प्रतिष्ठान में तोड़ फोड़ कर उसे नया बनाये यह कार्य बिना तोड़ फोड़ के भी किया जा सकता है जीवन में ऊर्जा का संतुलन जरुरी है। इसका आपके स्वास्थ्य, धन और आपके घर परिवार के सम्बन्धो पर प्रभाव पड़ता ही है जीवन में यदि सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाने के लिये आवश्यक प्रबंध करेंगे तो उससे जीवन में लाभ ही होगा। आपने कहा कि वास्तु का क्षेत्र बहुत व्यापक है घर और व्यावसायिक प्रतिष्ठान जो कि हमारे जीवन की पूंजी लगाकर बनाते है उसमें छोटे उपाय करके वास्तु को ठीक रखसकते हैं।

## नीमच

## एक नजर में

### लोकतंत्र सेनानी रणजीत सिंह तोमर का सम्मान

**नीमच।** मध्यप्रदेश के भोपाल में शुक्रवार 26 जून 2026 को रविन्द्र भवन सभागार में आयोजित लोकतंत्र सैनानी संघ के प्रादेशिक सम्मेलन कार्यक्रम में नीमच के लोकतंत्र सैनानी रणजीतसिंह तोमर (रंजन स्वामी) का राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लोकतंत्र सैनानी संतोष शर्मा द्वारा टुपट्टा फूलों का गुलदस्ता प्रदानकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोकतंत्र सैनानी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

### राजयोग का निरंतर अभ्यास नशा मुक्त बना देता है : सविता बहन

**नीमच।** ''राजयोग मेडिटेशन का निरंतर अभ्यास व दिव्य सत्संग निश्चित रूप से नशा मुक्त कर देता है, इसके प्रमाण स्वरूप सारे विश्व में लाखों लोगों ने किसी भी प्रकार के नशे की लत से छुटकारा पाया है। नीमच में भी नशा मुक्ति केन्द्र के अन्तर्गत भर्ती होने वाले नशे के आदी रोगियों को निरंतर राजयोग मेडिटेशन से बहुत लाभ पहुंचा और वे नशा मुक्त होकर अच्छा जीवन यापन कर रहे हैं।'' उपरोक्त विचार ब्रह्माकुमारी संस्थान की सबझोन संचालिका राजयोगिनी बी.के.सविता दीदी ने नशामुक्त भारत अभियान के तहतजिला पंचायत भवन में आयोजित जिला स्तरीय वॉलंटियर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रमुख व्यक्ति एवं जिले के अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की ट्रेनर ब्रह्माकुमारी श्रुति बहन ने नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करते हुए चेताया कि ''न सिर्फ नशे के रोगियों पर हम ध्यान दें बल्कि जो आने वाली बाल व युवा पीढ़ी है इनको भी जागरूक करना होगा। हावर्ड युनिवर्सिटी की रिसर्च में यह पाया गया कि युवा पीढ़ी जल्दी नशे की और आकर्षित होती है, अत : इनको बचाने के सामाजिक उपायों के साथ साथ आध्यात्मिक उपाय भी नितांत आवश्यक हैं।'' श्रुति बहन ने एक जानकारी देते हुए बताया कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 24 जून को ब्रह्माकुमारी संस्था को लिखे अपने एक पत्र में ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा चलाये जा रहे नशामुक्त भारत अभियान की सफलता की कामना करते हुए कहा कि ''ब्रह्माकुमारीज आध्यात्मिक जागरूकता, मूल्य आधारित शिक्षा, ध्यान तथा जन जागरूकता अभियान के माध्यम से नशा मुक्ति के संदेश को देश भर के विद्यालयों, महा विद्यालयों, गांव-गांव में तथा समाज के हर समुदाय तक पहुंचा रही है। प्रधानमंत्री ने संदेश में ब्रह्माकुमारीज़ के नशामुक्ति अभियान से जुड़े सभी स्वयं सेवकों तथा नागरिकों को सफलता की शुभकामना दी।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव का नीमच दौरा कल, तैयारियों को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय बैठक

**नीमच।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 29 जून को प्रस्तावित नीमच जिले के दौरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय बैठक शुक्रवार, 26 जून को भाजपा जिला कार्यालय तपोभूमि, नीमच में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं से आयोजन को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए पूर्ण सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।

बैठक का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच के जिला मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह प्रभारी शुभम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, विधायक दिलीप सिंह परिहार एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने संबोधित किया।

वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दौरे के दौरान नीमच जिले को विकास की नई सौगातें मिलने जा रही हैं। ऐसे में पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। बैठक का संचालन जिला महामंत्री धनसिंह केथवास ने किया। बैठक में वरिष्ठ नेता महेंद्र भटनागर, हेमंत हरित, जिला उपाध्यक्ष राकेश पप्पू जैन, निलेश पाटीदार, सभी मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खाने में जरूर ले ये पोषक तत्व, नहीं होगा हार्ट अटैक का खतरा

**नीमच।** बीते कुछ सालों में देश में हार्ट अटैक से मरने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। एक अनुमान के मुताबिक दुनियाभर में हर साल 17.9 मिलियन से अधिक लोग दिल की बीमारी से प्रभावित होते हैं। यहां तक दुनिया में दूसरे दिन युवाओं में दिल का दौरा पड़ने का मामला सुर्खियां बटोरता है। अनियमित जीवनशैली और खानपान में लापरवाही के कारण दिल की सेहत काफी प्रभावित होती है। कई कार्डियोलॉजिस्ट का भी मानना है कि यदि आप शहरी वातावरण में रह रहे हैं, तो आप जो कुछ भी उपभोग करते हैं, वह 100 प्रतिशत शुद्ध नहीं होता है। आप भी अपने दिल को सेहतमंद रखना चाहते हैं तो इस पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य सामग्री का सेवन जरूर करें - ओमेगा -3 फैटी एसिड शरीर में ट्राइग्लिसराइड्स, सूजन, स्ट्रोक और दिल से जुड़ी अन्य दिक्कतों को कम करने में चमत्कारिक रूप से काम करते हैं।

## घर में घुसकर मारपीट करने वाले 5 आरोपियों को एक- एक वर्ष का सश्रम कारावास

**जावद।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शुभा रिछारिया दीक्षित, जावद, जिला नीमच के द्वारा घर में घुसकर लट्ठ व लोहे के सरियें से मारपीट करने वाले 5 आरोपियों को एक-एक वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही जुर्माना भी लगाया है।

जानकारी अनुसार आरोपियों में गोपाल पिता गोवर्धन बावरी, उम्र-48 वर्ष, (2) अर्जुन पिता भेरूलाल बावरी, उम्र-45 वर्ष, (3) विष्णु पिता भगतराम बावरी, उम्र-35 वर्ष, (4) सुरेश पिता लालसिंह बावरी, उम्र-29 वर्ष एवं (5) निर्भय पिता भेरूलाल बावरी, उम्र-42 वर्ष, सभी निवासी-ग्राम मोडी, थाना-जावद, जिला-नीमच को धारा 452, 325/149 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 01-01 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500-500रू. अर्थदण्ड, धारा 323/149 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 06-06 वर्ष के साधारण कारावास एवं 200-200रू. अर्थदण्ड तथा धारा 147 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03-03 माह के सश्रम कारावास एवं 200-200रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं सुखराम गरवाल द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 8 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 2 मार्च 2018 की शाम के 06:30 बजे ग्राम मोड़ी स्थित फरियादी के घर की हैं। फरियादी कारूलाल ने थाना जावद पर रिपोर्ट लिखाई कि वह ग्राम मोड़ी में रहता हैं। उसने ग्राम पंचायत मोडी की सरपंच मुन्नीबाई के विरूद्ध शिकायत की है, जिस पर पंचायत जावद द्वारा जांच की जा रही है, इस कारण सरपंच परिवार के लोग रंजिश रखते थे।

## आज जिले के प्रत्येक बूथ पर सुनी जाएगी 'मन की बात', डिजिटल प्रशिक्षण भी होगा

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच के जिला मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह प्रभारी शुभम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को जिले के प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण बूथ टोली एवं कार्यकर्ताओं के साथ किया जाएगा।

कार्यक्रम के पूर्व भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धापूर्वक नमन एवं पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी एवं उनके जीवन पर व्याख्यान होगा इस अवसर पर बूथ स्तर के सभी कार्यकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से संगठनात्मक प्रशिक्षण भी प्राप्त करेंगे। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग तथा विभिन्न संगठनात्मक अभियानों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रमाण-पत्र भी प्राप्त होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, मंडलों के पदाधिकारीगण, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता, अपने-अपने निर्धारित बूथों पर उपस्थित रहकर 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण करेंगे।

## एक नजर — नई कार्यकारिणी का हुआ निर्वाचन, समरथ गुर्जर बने अध्यक्ष

# विद्या भारती ग्राम भारती की वार्षिक साधारण सभा

**मनासा।** विद्या भारती ग्राम भारती, मालवा प्रांत की योजना अनुसार कुकडेश्वर सहस्त्रमुखेश्वर शिक्षण समिति, मनासा की जिला समिति की वार्षिक साधारण सभा की बैठक जिला कार्यालय मनासा में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से संपन्न हुई।

बैठक में प्रांतीय पदाधिकारियों की उपस्थिति रही, जिनमें धनसिंह धनगर (प्रांतीय समिति कोषाध्यक्ष), हेमलता धाकड़ (प्रांतीय समिति सदस्य), त्रिलोक तिरोले (प्रांत प्रमुख) एवं महेश विश्वकर्मा (सह प्रांत प्रमुख) शामिल रहे।

जिला समिति के पदाधिकारियों में मदनलाल झंवर (जिला अध्यक्ष), यशवंत सोनी (जिला सचिव), गोविंद पोरवाल (सह सचिव), समरथ गुर्जर (कोषाध्यक्ष), युगल व्यास, ओमप्रकाश पाईवाल, शिव सेन, गोपाल बसेर, राजेश पाटीदार, सुरेश पाटीदार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इसके साथ ही संतोष मेवाड़ा (जिला प्रमुख, मनासा) एवं कमलेश पोरवाल (जिला कार्यालय प्रमुख) भी मौजूद रहे। संचालन एवं परिचय जिला प्रमुख संतोष मेवाड़ा द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत युगल किशोर व्यास एवं ओमप्रकाश पाईवाल ने किया, जबकि बैठक की कार्यवाही कार्यालय प्रमुख कमलेश पोरवाल द्वारा प्रस्तुत की गई। साधारण सभा की संपूर्ण जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की गई। संचालन एवं परिचय जिला प्रमुख संतोष मेवाड़ा ने किया, जबकि अतिथियों का स्वागत युगल किशोर व्यास एवं ओमप्रकाश पाईवाल द्वारा किया गया। बैठक की कार्रवाई कमलेश पोरवाल ने प्रस्तुत की।